उत्तराखण्ड जैवविविधता बोर्ड
UTTARAKHAND BIODIVERSITY BOARD

कार्यालय उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून
108/II, वसंत विहार, देहरादून–248006
फोनः 0135–2769886 ई–मेल sbbuttarakhand@gmail.com

वॉक–इन–इन्टरव्यू

उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा क्रियान्वित की जा रही कैलाश पवित्र भू–दृश्य संरक्षण एवं विकास पहल नामक परियोजना के अन्तर्गत निम्नांकित ग्राम पंचायत क्षेत्रों से वाणिज्यिक उपयोग में लाये जा रहे जैव संसाधनों से सम्बन्धित सूचना एकत्रित की जानी है :

गंगोलीहाट ब्लॉक– अगरौन, उपराड़ा, कोठेरा, चिटगल, जमडकोट, जजूट, जरमालगांव, जीवल, पाली, बोयल, रनकोट, सिमलकोट तथा भण्डारी गॉव

बिण ब्लॉक– छानापान्डे, छेडा, जगतड, जजुराली, बांस–मेहतोली, बक्सिल, भुरमुनी, मझेरा समोला, मल्ली सीम, स्याला, सनघर, सिनचोरा

धारचूला ब्लॉक– छलमाछिलासों, ज्योतिपांगू, सौसा, हिमखोला, धारपांगू

जैव संसाधन का तात्पर्य पौधे, जीव–जन्तु और सूक्ष्म जीव या उनके भाग सहित आनुवांशिक पदार्थ (मूल्य वर्धित उत्पादों तथा मानवीय आनुवांशिक पदार्थों को छोडकर) से है। एकत्रित की जाने वाली सूचना का प्रारूप निम्नवत हैः–

प्रारूप
क्षेत्र से वाणिज्यिक उपयोग में लाये जा रहे जैव संसाधनों से सम्बंधित जानकारी

1. ग्राम पंचायत का नाम :
2. जैव संसाधनों का नाम तथा उसका वाणिज्यिक उपयोग कर रहे व्यक्ति/संस्था का विवरण :

क्र० सं०	जैव संसाधन का नाम तथा उसका भाग	वाणिज्यिक उपयोग कर रहे व्यक्ति/संस्था का विवरण : (व्यापारी/निर्माता)	मात्रा (कि०ग्रा० अथवा क्विंटल में)	औसत दर (प्रति कि0ग्रा0)	प्राप्ति स्थान (जंगल/खेत से अथवा दोनों)	अन्य महत्वपूर्ण जानकारी (स्थान, मौसम व अन्य)

उक्त सूचना एकत्रित करने हेतु इस कार्यालय को एक सेवा की दो माह के लिये आवश्यकता है। इस हेतु जनपद पिथौरागढ में निवास कर रहे व्यक्तियों, जो स्थानीय भाषा का ज्ञान व सम्बन्धित क्षेत्रों में भ्रमण हेतु सक्षम तथा इच्छुक हों, से हिन्दी में लिखित आवेदन (बोर्ड की ई–मेल पर ऑन–लाईन, डाक/कोरियर/दस्ती (By hand) द्वारा सहित किसी अन्य माध्यम से) दिनांक 20.11.2015 तक आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन में आवेदक का नाम, शैक्षिक योग्यता, निवास का पता, उक्त प्रकार के कार्यों का अनुभव, आयु, मोबाईल संख्या, ई–मेल का पता (यदि हो) व अन्य उपयुक्त विवरण अंकित होना चाहिए। उक्त सेवा हेतु पारिश्रमिक 20,000/– मात्र प्रतिमाह निर्धारित है। इसके अतिरिक्त कोई भुगतान देय नहीं होगा। अन्तिम तिथि के उपरान्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। जनपद पिथौरागढ के अन्तर्गत जिन 30 ग्राम पंचायतों की वाणिज्यिक उपयोग में लाये जा रहे जैव संसाधनों से सम्बन्धित सूचना एकत्रित की जानी है, से सम्बन्धित प्रारूप एवं ग्राम पंचायतों की सूची का पूर्ण विवरण उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड की वैबसाईट www.sbb.uk.gov.in पर भी उपलब्ध है।

सदस्य–सचिव